## न्यूज ब्रीफ

### सिंधु सभा के अध्यक्ष अशोक का निधन

**अमृत विचार, लखनऊ :** चेट्टी चंद मेला कमेटी के प्रवक्ता, सिंधु सभा के अध्यक्ष और कपडा व्यापारी अशोक मोतियानी का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।



ये जानकारी नीलेश टाटा ने दी है। अशोक शहर में झूलेलाल जी के नाम पर द्वार बनवाने की कोशिशों में लगे थे। नाका हिंडोला चौराहे पर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा स्थल के सौन्दर्यीकरण के लिए भी काफी मेहनत की। सिंधी समाज के लिए काम करने की वजह से 10 अप्रैल को शिव शांति आश्रम में उन्हें सम्मानित किया गया था। राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने अशोक के निधन पर अपने ट्वीटर हैंडल पर लिखा कि दुखद समाचार सुनकर स्तब्ध हूं। अशोक व्यापारी नेता ही नहीं हरदिल अजीज, प्रिय मित्र और भाजपा समर्थक थे। जब मैं महापौर था तब सिंधी समाज के लिए झूलेलाल वाटिका बनवाने के लिए लगातार मुझे प्रेरित करते रहे।

### लखनऊ के पर्यटन स्थलों का बदलेगा स्वरूप

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ में पर्यटन को नई पहचान देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। ऐतिहासिक धरोहरों रोशन-उद-दौला भवन और छतर मंजिल को अब आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित कर पर्यटन के प्रमुख आकर्षण केंद्र के रूप में तैयार किया जाएगा। इसके लिए कैबिनेट में प्रस्ताव रखा जाएगा, मंजूरी मिलते ही इन परियोजनाओं को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के तहत 'एडेप्टिव रियूज़' मॉडल पर आगे बढ़ाया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि छतर मंजिल को करीब 100 कमरों वाले भव्य हेरिटेज होटल में बदला जाएगा। यहां ऑल-डे डाइनिंग रेस्तरां, इमर्सिव डाइनिंग, स्थानीय शिल्प उत्पादों की रिटेल आर्केड जैसी सुविधाएं विकसित होंगी। इसका उद्देश्य इस ऐतिहासिक इमारत को एक जीवंत सांस्कृतिक केंद्र बनाना है। इसके अलावा रोशन-उद-दौला भवन को 26 कमरों वाली बुटीक लग्जरी प्रॉपर्टी के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां प्री-वेडिंग फंक्शन, पारिवारिक आयोजन और कॉर्पोरेट मीटिंग्स के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही स्पा और पारंपरिक वेलनेस सेवाएं भी दी जाएंगी। योजना के तहत हरौनी गांव की महिलाओं को हस्तकला, साड़ी और कंबल जैसे उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री का अवसर मिलेगा।

### अत्याधुनिक एक्सरे इरेडिएटर का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर संस्थान में कैंसर मरीजों को और अधिक सुरक्षित रक्त उपलब्ध हो सकेगा। संस्थान के इम्यूनोहेमेटोलॉजी एवं ब्लड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में 4.30 करोड़ रुपये की लागत अत्याधुनिक एक्सरे इरेडिएटर मशीन लगाई गई है। मंगलवार को इस मशीन का उद्घाटन निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट ने किया। कैंसर मरीजों को उपचार के दौरान बार-बार रक्त चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में सुरक्षित और संक्रमणमुक्त रक्त उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती होती है। इस दिशा में संस्थान प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए ब्लड बैंक में एक्सरे इरेडिएटर मशीन स्थापित की है। निदेशक ने बताया कि इस नई तकनीक के जरिए मरीजों को दिया जाने वाला रक्त और अधिक सुरक्षित व प्रभावी होगा। इस सुविधा के शुरू होने से संस्थान प्रदेश के चुनिंदा उन्नत चिकित्सा केंद्रों में शामिल हो गया है। इम्यूनोहेमेटोलॉजी एवं ब्लड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की अध्यक्ष डॉ. अंजू दुबे के अनुसार, एक्सरे इरेडिएटर रक्त की जांच के बाद भी बचे सूक्ष्म संक्रमण के खतरे को किरणों के माध्यम से समाप्त करने में सहायक है। साथ ही यह ट्रांसफ्यूजन-एसोसिएटेड ग्राफ्ट-वर्सेस-होस्ट डिजीज जैसे गंभीर और जानलेवा दुष्प्रभावों से भी मरीजों को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है। नई सुविधा से बार-बार रक्त चढ़ाने के बावजूद मरीजों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभावों में कमी आएगी।







विकास नगर सेक्टर -14 में झुग्गियों में आग लगने के बाद राहत और बचाव कार्य में लगे पुलिसकर्मी, सड़क पर लगी झुग्गी में रहने वाले चिंतित लोगों व राहगीरों की भीड़ और आग में झुलसे अधेड़ को संभालते लोग। अमृत विचार

# अपनों की चिंता में खोया आपा, कर दिया पथराव

## राहत और बचाव कार्य में लगे पोस्ट वार्डन का सिर फटा, कई अन्य घायल, सिलेंडर-वाहन के फ्यूल टैंकों में धमाकों से फैली दहशत

**विकास नगर अग्निकांड**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** विकास नगर सेक्टर -14 में आग लगने के बाद झुग्गियों में रखे गैस सिलेंडर और बाइकों के फ्यूल टैंक धमाकों के साथ फटने लगे। इनमें आग और भड़क गई, राहत और बचाव कार्य भी प्रभावित हुआ। धमाकों के कारण बचाव कार्य में लगे कर्मचारी और बस्ती के लोग आगे बढ़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे।

आग में फंसे कई परिवारों के बच्चों को पुलिस और दमकल कर्मियों ने बाहर निकाल लिया, लेकिन कुछ और बच्चों के फंसे होने चिंता में बस्ती के कई लोग आग की तरफ बढ़े, आग विकराल होने के चलते पुलिस ने उन्हें रोक दिया। बच्चों को बचाने की चिंता में लोगों ने आपा खो दिया और बचाव कार्य में लगे दमकल कर्मियों व पुलिस पर ही पथराव करने लगे। इसमें सिविल डिफेंस के पोस्ट वार्डन ऋषि श्रीवास्तव का सिर फट गया और कई अन्य लोग घायल हो गए। इसके बावजूद बचाव दल ने धैर्य से काम लेकर गुस्साए लोगों को शांत कराकर बचाव कार्य जारी रखा। अग्निकांड की जानकारी मिलने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जिलाधिकारी से दूरभाष पर घटना की विस्तृत जानकारी लेकर पीड़ितों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

सेक्टर-14 स्थित मिनी स्टेडियम से कुछ दूरी पर बनी झुग्गी बस्ती में झोपड़ी बनाकर रहने वाले इटौंजा के मूल निवासी विशान गौतम ने बताया कि करीब तीन बीघे में आबाद रही इस बस्ती में अधिकतर लोग उन्नाव, सीतापुर, लखीमपुरखीरी, रायबरेली, बहराइच और पड़ोसी जनपदों के रहने वाले हैं। ये परिवार यहां 20-25 वर्ष से रह रहे हैं। शाम करीब 4 बजे एक मस्जिद नुमा झोपड़ी में आग लग। आग ने पड़ोसी धर्मेंद्र, बबलू, विमलेश, राम स्वरूप, मंत्री, मो. आसिफ कुरैशी, रहमान, सुनीता, शमशुनिशां और करन की झोपड़ियां चपेट में ले लिया। लोगों ने पानी फेंककर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवा चलने से चंद मिनटों में आग बस्ती में फैल गई।

गैस सिलेंडर और गाड़ियों के फ्यूल टैंक फटने से आग और भड़क गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार झोपड़ियों से सिलेंडर और फ्यूल टैंक फटने से 100 से अधिक धमाके हुए। आग लगने के करीब डेढ़ घंटे बाद दमकल और पुलिस पहुंची। बस्ती में बनी झोपड़ियों से लोग जान बचाकर भागने लगे। 22 दमकल गाड़ियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। देर रात तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। रेस्क्यू के लिए राज्य आपदा मोचन बल भी पहुंच गई। पुलिस ने आनन फानन लोगों को बस्ती के बाहर कर दिया।





विकास नगर सेक्टर -14 में झुग्गियों में धधकती आग पर पानी डालकर काबू करने की कोशिश करते फायर बिग्रेडकर्मी। अमृत विचार

### आग में जला बहन की शादी का सामान

- भीषण अग्निकांड में झोपड़ियों में रखे गरीबों के सामान के साथ ही उनके सपने भी जलकर राख हो गए। सीतापुर की रहने वाली सुनीता की बहन मनीषा की शादी 29 अप्रैल को होनी थी। दहेज के लिए बेड व अन्य सामान सब झोपड़ी में रखा था। वह सब जलकर राख हो गया। घटना के बाद से सुनीता यही चिल्ला रही थी कि अब मनीषा की शादी कैसे करूं? एक-एक पाई जोड़कर दहेज के लिए कुछ सामान जोड़ा था। सब कुछ बर्बाद हो गया। सुनीता की तरह की कई अन्य परिवारों में भी शादी का आयोजन था। उनकी भी गृहस्थी और शादी के लिए इकट्ठा गए रुपयों के साथ ही सामान भी जल गया। सीतापुर निवासी करन अहमदाबाद में नौकरी करते हैं। करन ने बताया कि वह चार दिन पहले वहां से लौटे थे। मंगलवार को बेटे अर्जुन का जन्मदिन था। हैदराबाद से बच्चे के लिए खिलौने लेकर आए थे, वह सब जल गए।

### चारों तरफ के 30 से अधिक घर कराए खाली

- आग का विकराल रूप देख पुलिस व प्रशासन ने बस्ती के चारों तरफ बने 30 से अधिक घरों को एहतियातन खाली करा लिया। आग की खबर पाकर मौके पर डीजी फायर सुजीत पांडेय, पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर, जिलाधिकारी विशाख जी ने कई थानों की फोर्स, एसडीआरएफ और डॉक्टरों की टीम को बुला लिया गया। इस दौरान राजधानी के सभी प्रमुख अस्पताल सिविल, बलरामपुर, ट्रामा सेंटर, लोकबंधु, पीजीआई को अलर्ट मोड पर रखा गया। रात 10 बजे तक दमकल कर्मियों ने किसी तरह आग पर कुछ हद तक काबू पा लिया था।

## घर में सो रहे थे, आग लगी तो भागे, अंदर ही छूट गए बच्चे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रहमान ने बताया कि उनके चार बच्चे अंदर ही फंसे हैं। घटना हुई तो सभी लोग घर में सो रहे थे। आग लगी तो वह किसी तरह बाहर भागे लेकिन उनके बच्चे नहीं निकल पाए हैं। शमशुनिशां ने कहा कि उसके दो बच्चे फंसे हैं। विपिन ने बताया कि उनके एक रिश्तेदार के दो बच्चे लापता हैं।

बाराबंकी के बड्डूपुर निवासी सकटू ने बताया कि उनकी 15 दिन की बेटी भी आग में फंस गई। उसका कोई पता नहीं चला है। लोग अंदर जाने की जिद कर रहे थे। पुलिस ने रोका तो लोग भिड़ने लगे। अपनों को बचाने के लिए नाराज लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पथराव में बस्ती के लोगों के साथ ही पुलिस और सिविल डिफेंस के कर्मी समेत आठ से 10 लोग घायल हो गए। इस दौरान वहां भगदड़ मच गयी। लोगों का आरोप है कि समय पर पुलिस व दमकल नहीं पहुंची और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। नाराज लोगों की पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों से तीखी नोंकझोंक और धक्का-मुक्की भी हुई।



डंडे के सहारे आगे के बीच से गृहस्थी का सामान निकालने की कोशिश करता युवक।

### खान-पान का सामान, कपड़े, रुपये सब जल गया

- देर रात तक दमकल कर्मी आग को बुझाने में जुटे रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि 1000 से अधिक झोपड़ियां बस्ती में थी। आग से झुग्गी में रखा खान-पान का सामान, कपड़े, रुपये और बनायी गयी कच्ची गृहस्थी जलकर राख हो गयी। कई परिवारों में तो शादी थी। उनका दहेज और शादी का अन्य सामान सब जल गया। लोगों ने बताया कि उनके यहां पले मुर्गे, बकरियां, कुत्ते समेत करीब 50 मवेशी जल गए। कई लोग गृहस्थी निकालने में झुलस भी गए।

### चिल्लाते हुए जान बचाकर भागे लोग

- बस्ती में लगी आग देख पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद लोग अपनी जान बचाकर चीखते-चिल्लाते हुए भागने लगे। सड़क पर भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। आसपास की दुकानें और शोरूम बंद हो गए। सड़क पर गाड़ियों के पहिए थम गए। मौके पर पहुंची पुलिस व दमकल कर्मियों ने आग का भयानक रूप देखा अधिकारियों को इस बारे में खबर दी। देखते ही देखते पुलिस व प्रशासन के आलाधिकारी और 22 दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। इस दौरान राहगीर मोबाइल पर वीडियो कैद कर सोशल मीडिया पर पोस्ट करते रहे। लोगों ने बताया कि उनके यहां पले मुर्गे, बकरियां, कुत्ते समेत करीब 50 मवेशी जल गए। कई लोग गृहस्थी निकालने में झुलस भी गए।

### उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लिया बचाव कार्य का जायजा

- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, पुलिस महानिदेशक अग्निशमन सुजीत पांडेय, पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर, डीएम विशाख जी और नगर आयुक्त गौरव कुमार मौके पर पहुंचे। अपने लोगों और आशियाने के लिए लोग पुलिस अधिकारियों और डिप्टी सीएम के आगे रोने लगे। इसपर सभी को समझाकर शांत कराया। आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ खड़ी है। काफी मान-मनौव्वल के बाद बस्तीवासियों को कुछ दूर पर स्थित मिनी स्टेडियम में भेज दिया।



झुग्गियों में आग लगने के बाद राहत कार्य की जानकारी लेते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

### पड़ोसियों को किया फोन तब निकाले गए नुसरत के बच्चे

- घटना के समय झुग्गी के पास रहने वाली नुसरत बाजार गई थी। घर पर दो बच्चे अकेले थे। मकान झुग्गी बस्ती से ठीक सटा हुआ है। आग की लपटें भयावह हो रही थी। बच्चे चीख-पुकार कर रहे थे। बच्चों ने फोन कर सूचना दी। इसके बाद नुसरत ने पड़ोसियों को भेजकर बच्चों को निकलवाया। इस बीच आग की लपटें घर के अंदर आ गई। गृहस्थी जलने लगी। दमकल कर्मी घर के पीछे ही गाड़ी लगाए थे। उनसे आग बुझाने के लिए बोला तो उन्होंने कहा कि पानी खत्म हो गया है। करीब आधे घंटे बाद दूसरी गाड़ी आई तब आग बुझाई गई।

### सैकड़ों परिवार हो गए बेघर भेजा गया शेल्टर होम

- अग्निकांड ने सैकड़ों लोगों को बेघर कर दिया। प्रभावित परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए। इसके बाद नगर निगम ने राहत और बचाव कार्य तेज कर दिया है। बेघर हुए परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। नगर निगम की टीम लगातार मौके पर मौजूद रहकर प्रभावित लोगों की मदद कर रही है। नगर निगम द्वारा सभी प्रभावित परिवारों को शहर के विभिन्न शेल्टर होम और रैन बसेरों में शिफ्ट किया जा रहा है। कल्याण मण्डप, अलीगंज समेत कई इलाकों में ठहरने की व्यवस्था की गई है, ताकि लोगों को तत्काल राहत मिल सके। वहां भोजन, पानी और जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। नगर आयुक्त गौरव कुमार मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों की निगरानी कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी पीड़ित को असुविधा न हो और सभी को समय पर मदद मिले।

### पांच किलोमीटर तक दिखा धुआं, सड़क पर लगा जाम

- बस्ती में लगी आग इतनी भयानक थी कि आग की लपटें और धुएं का गुबार करीब पांच किलोमीटर दूर तक नजर आ रहा था। रिंग सड़क की तरफ जाने वाला यातायात भी आग की वजह से कई घंटे तक प्रभावित रहा। घटना के बाद रिंग रोड, खुर्रम नगर समेत आसपास के इलाके में जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई और वाहनों की कतार लग गई। इसमें कई दमकल गाड़ियां भी फंस गई। गाड़ियों को बाहर निकलवाने में पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल के आसपास खड़े होकर वीडियो बनाने लगे। लोगों को हटाने के लिए पुलिस को लाठियां फटकारनी पड़ी। रास्ते में जहां भी लोगों ने धुएं का गुबार देखा तो गाड़ी रोककर फोटो करने लग गए। जिससे जाम लगता चला गया। आग लगने के करीब तीन घंटे बाद राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम मौके पर पहुंची।



आग से उठता धुएं का गुबार देख वाहन चालक ठिठके तो सड़क पर जाम लग गया।

**लापरवाही** | कैंसर संस्थान में ओपीडी पंजीकरण, भर्ती और डिस्चार्ज प्रक्रिया नहीं हो सकी ऑनलाइन

# बजट मिला फिर भी लागू नहीं कर पाए एचआईएस

- मयूरी कॉलोनी के विनय अग्रवाल ने मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और अधिकारियों को भेजी शिकायत
- चिकित्सा शिक्षा विभाग ने संस्थान के निदेशक से दो कार्यदिवस में तलब की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान को टाटा मॉडल पर विकसित करने की योजना को बड़ा झटका लगा है। यहां हॉस्पिटल इनफॉरमेशन सिस्टम (एचआईएस) लागू करने में अधिकारियों ने सुस्ती दिखाई, जिससे ज्यादातर कार्य मैनुअल ही किए जा रहे हैं।

ओपीडी पंजीकरण से मरीजों की भर्ती और डिस्चार्ज प्रक्रिया तक ऑनलाइन नहीं हो सकी है। शहर के एक जागरूक नागरिक ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और विभागीय अधिकारियों से की तो संस्थान से रिपोर्ट तलब की गई है।

संस्थान में 300 से अधिक बेड पर मरीज भर्ती हैं और ओपीडी में भी प्रतिदिन 400 से ज्यादा मरीज पहुंचते हैं। पंजीकरण, जांच रिपोर्ट, भर्ती और डिस्चार्ज जैसी सेवाओं को ऑनलाइन करने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए शासन ने बजट भी जारी कर दिया था, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण एचआईएस सिस्टम अब तक लागू नहीं हो पाया।

बताया जा रहा है कि एचआईएस के लिए कंपनी चयन के लिए टेंडर प्रक्रिया में भी अनावश्यक देरी की गई, जिससे कई वित्तीय वर्ष बीत गए। नतीजतन संस्थान डिजिटल व्यवस्था से वंचित रह गया। सुल्तानपुर रोड स्थित मयूरी कॉलोनी निवासी विनय अग्रवाल ने 2 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित घोष से इस लापरवाही की शिकायत की है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए शासन ने 15 अप्रैल को अनुसचिव ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ल के माध्यम से संस्थान के निदेशक से दो कार्यदिवस में रिपोर्ट तलब की है।

### क्वीनमेरी में ओपीडी के समय एचआरएफ काउंटर बंद

- **अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग (क्वीनमेरी) में बुधवार को ओपीडी के समय हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड (एचआरएफ) काउंटर अचानक बंद कर दिए जाने से महिला मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एचआरएफ काउंटर में 50 से 70 प्रतिशत तक कम कीमत पर दवाएं मिलती हैं। बीकेटी से आई मरीज दीपिका ने बताया कि डॉक्टर जरिए लिखी गई छह प्रकार की दवाएं लेने के लिए जब वह काउंटर पर पहुंचीं, तो वह बंद मिला। अंदर मौजूद कर्मचारियों ने उन्हें अगले दिन आने को कहा। दीपिका के अनुसा निजी मेडिकल स्टोर से महंगी दवाएं खरीदनी पड़ीं। आलमबाग की कोमल, काकोरी की श्रेया और आशा समेत कई अन्य मरीजों को भी बिना दवा लिए वापस लौटना पड़ा। इस मामले पर संस्थान के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने कहा कि काउंटर बंद होने की जानकारी उन्हें नहीं है। यदि किसी कारणवश काउंटर बंद था, तो वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए थी। मामले में जिम्मेदारों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

### आग देख मंडप से भागा दूल्हा

- झोपड़पट्टी निवासी मनीष की बुधवार को बरात जानी थी। मनीष नहाकर मंडप के नीचे आया था। इस बीच आग लग गई, तो मनीष तौलिया लपेट कर भागा। चाची पूजा ने बताया कि बस्ती से बाहर निकलते ही सिलेंडर में धमाके होने लगे। मनीष ने हिम्मत कर घरवालों के साथ दुल्हन के चढ़ाव का सामान व कपड़े निकालने के लिए झुग्गी तक जाने की कोशिश की। तपिश के चलते वे पहुंच ही नहीं पाए। झुग्गी में रखा सारा सामान जल गया। बारात शाम को विकासनगर स्थित डीके मैरिज लान जानी थी। देर रात तक आग पर काबू पाया जाता रहा। लड़की वालों को आग की सूचना दी गयी तो वे भी अपनी किस्मत को कोसते रहे। रात तक बारात घर से निकल ही नहीं सकी।



विकास नगर में आग से झुलसे गोवंश।

### पशु चिकित्सकों ने झुलसे पशुओं का किया उपचार

- **अमृत विचार, लखनऊ :** विकास नगर में सात गोवंश आग की चपेट में आ गए। इनमें दो गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के दौरान पशुपालन विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम बचाव में जुटी रही। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश वर्मा के निर्देश पर राजकीय पॉलीक्लीनिक के अधीक्षक डॉ. आरएस मिश्रा व गुडंबा के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक वर्मा अपनी टीम के साथ पहुंचे। नगर निगम की टीम के साथ सभी गोवंशों का उपचार किया। डॉ. सुरेश ने बताया कि दो गंभीर रूप से झुलसे गोवंश नगर निगम द्वारा कान्हा उपवन भेजे गए। वहां पर बराबर उपचार किया जाएगा। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि पांच गोवंश मामूली झुलसे थे इनका उपचार कराकर पशुपालकों को दे दिए।

# श्रमिकों के अधिकारों से समझौता नहीं : मुख्यमंत्री

## योगी बोले- उल्लंघन पर होगी कठोरतम कार्रवाई, पहली अप्रैल से बढ़े हुए वेतन का भुगतान हर हाल में सुनिश्चित हो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में श्रमिकों के अधिकारों, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक श्रमिक को समय पर पूर्ण वेतन, सुरक्षित कार्य-परिस्थितियां और सभी वैधानिक सुविधाएं मिलना सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर दोषियों के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई होगी।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से औद्योगिक स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने गौतमबुद्धनगर के घटनाक्रम का संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि जो लोग वास्तविक श्रमिक नहीं हैं और औद्योगिक अशांति फैलाने में शामिल हैं, उनकी पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसे उपद्रवी तत्वों को बेनकाब कर आवश्यकतानुसार सार्वजनिक रूप से चिन्हित करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री ने मैनपावर सप्लाई एजेंसियों की व्यापक व गहन जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की वास्तविक संख्या, औद्योगिक इकाइयों से प्राप्त भुगतान, श्रमिकों को दिए जा रहे वेतन, ईएसआई, बीमा और अन्य सुविधाओं की पारदर्शी जांच हो, ताकि किसी भी प्रकार के शोषण पर रोक लगाई जा सके।

सभी औद्योगिक इकाइयों में ग्रीवांस सेल की स्थापना अनिवार्य करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिकों की शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और निष्पक्ष समाधान हर हाल में होना चाहिए। साथ ही अफवाह फैलाने और दुष्प्रचार करने वालों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाने और सोशल मीडिया की सतत निगरानी के निर्देश दिए।

श्रमिक कल्याण के लिए डॉरमेट्री निर्माण, सस्ते आवास, बीमा, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि 1 अप्रैल से बढ़े वेतन का भुगतान हर हाल में सुनिश्चित किया जाए, ताकि औद्योगिक वातावरण संतुलित और सकारात्मक बना रहे।

### निर्देश

- गैर-श्रमिक उपद्रवी तत्वों की तस्वीरें सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित की जाएं
- हर औद्योगिक इकाई में ग्रीवांस सेल अनिवार्य
- अफवाह व दुष्प्रचार फैलाने वालों पर तत्काल सख्त कार्रवाई



### श्रमिक असंतोष नहीं, सुनियोजित साजिश थी नोएडा हिंसा

**अमृत विचार, लखनऊ :** नोएडा में हालिया हिंसा को लेकर सामने आए तथ्यों में यह स्पष्ट हुआ है कि यह श्रमिक असंतोष नहीं, बल्कि सुनियोजित साजिश थी। उच्च स्तरीय सूत्रों के अनुसार कुल 66 गिरफ्तारियों में 45 लोग वास्तविक श्रमिक नहीं थे। साजिश रचने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके संगठित नेटवर्क से जुड़े होने की बात सामने आई है।

सूत्रों का दावा है कि इस घटनाक्रम में कुछ राजनीतिक दलों और तथाकथित अर्बन नक्सल संगठनों की भूमिका रही। आंदोलन की आड़ में अराजकता फैलाने, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और औद्योगिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। विभिन्न राज्यों से आए बाहरी तत्वों, जिनमें कुछ महिलाएं भी शामिल हैं, की भूमिका भी जांच के दायरे में है। साथ ही संदिग्ध सोशल मीडिया हैंडल्स की गतिविधियों की भी पड़ताल की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई कर स्थिति को नियंत्रित कर लिया है। अब आपसी समन्वय के बाद फैक्ट्रियों में कामकाज सामान्य हो गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही यह भी दोहराया कि श्रमिकों के हितों की रक्षा और औद्योगिक माहौल को सुरक्षित रखना सरकार की प्राथमिकता है।

### श्रमिकों की आड़ में गड़बड़ी करने पर एजेंसियां होंगी ब्लैकलिस्ट

**अमृत विचार, लखनऊ/नोएडा :** औद्योगिक अशांति की जांच में कुछ आउटसोर्स एजेंसियों की संदिग्ध भूमिका सामने आने के बाद प्रदेश सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। गौतमबुद्धनगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम को उपद्रव में शामिल तत्वों और एजेंसियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। स्पष्ट किया गया है कि श्रमिकों की आड़ में किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं होगी और दोषी एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में संविदाकारों और आउटसोर्सिंग एजेंसियों को चेतावनी दी गई कि यदि उनके कर्मचारी उपद्रव या हिंसक गतिविधियों में शामिल पाए गए, तो एजेंसी का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने और शासन की गाइडलाइंस का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**न्यूनतम वेतन का पालन अनिवार्य :** डीएम ने निर्देश दिया कि अकुशल श्रमिकों को 13,690, अर्धकुशल को 15,059 और कुशल श्रमिकों को 16,868 प्रतिमाह वेतन हर हाल में दिया जाए। पूरा भुगतान सीधे बैंक खातों में हो और किसी भी प्रकार की कटौती या देरी न हो। डीएम ने संविदाकारों से अपील की कि वे अफवाहों से बचें और श्रमिकों को भी जागरूक करें, ताकि औद्योगिक वातावरण शांत और संतुलित बना रहे।

## 187 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा लखनऊ मंडल के छह जिलों के कुल 187 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिनमें 176 हिंदू और 11 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। यह आयोजन कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत बुधवार को लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम, वृंदावन योजना में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। अपर श्रमायुक्त कल्पना श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिला। सरोजनी नगर से विधायक राजेश्वर सिंह की प्रतिनिधि ने नवविवाहित जोड़ों को वस्त्र और 501 रुपये भेंट किए। वहीं बोर्ड की सचिव पूजा यादव ने बताया कि इस योजना के तहत प्रत्येक पात्र जोड़े को 85 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, पुलिस प्रशासन और श्रम विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक मकान में घुसा बरामदे-कमरे ध्वस्त

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** रहीमाबाद माल रोड पर स्थित अन्नीपुर गांव में ट्रक अनियंत्रित होकर मकान में घुस गया। ट्रक की टक्कर से मकान ढह गया। गुस्साए ग्रामीणों ने चालक की पिटाई करते हुए रोड पर बल्ली बांस डालकर मुआवजे की मांग करते हुए आवागमन बंद कर दिया। करीब पौने घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस और तहसील प्रशासन ने पीड़ित परिजन को समझा-बुझाया। मुआवजे का आश्वासन देते हुए शांत कराया। जिसके बाद यातायात सुचारू रूप से शुरु हुआ। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि रहीमाबाद थाना क्षेत्र के केसरीपुर निवासी चालक शराफत बुधवार सुबह लगभग 9 बजे नशे में धुत होकर खाली ट्रक लेकर रहीमाबाद की ओर जा रहा था। अनीपुर गांव के सामने ट्रक अनियंत्रित हो गया। ट्रक सड़क के किनारे बिजली का पोल तोड़ते हुए रामप्रसाद के कमरा, बरामदा, टीन शेड तोड़ते हुए राम औतार के घर में टक्कर मारते हुए जा रुका। घर के बाहर बैठे रामऔतार ने भाग कर जान बचाई। हादसे में चालक को मामूली चोटें आई।

### प्रस्तावों पर 45 दिन में कार्यवाही के निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि (विधायक निधि) की धनराशि का व्यय समय-समय पर जारी शासनादेशों के अनुसार ही किया जाए। निधि का व्यय, डीआरडीए के डिपाजिट खाता मे स्थानांतरित करने के बाद नियमानुसार किया जाए। ग्राम्य विकास विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार ने विधायक निधि के विकास कार्यों को गति देने के लिए सभी मुख्य विकास अधिकारियों (सीडीओ) को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि शासनादेश के अनुसार, विधान मंडल सदस्यों से प्राप्त प्रस्तावों को स्वीकृत करने और उन पर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए 45 दिन की समय सीमा निर्धारित है। इसलिए विधायकों द्वारा दिए गए विकास कार्यों के प्रस्तावों को प्राथमिकता पर लिया जाए।

### मजदूरों पर फर्जी मुकदमे वापस हों : श्याम लाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा है कि मजदूरों, किसानों, नौजवानों को जो कुछ भी मिला है, वह संघर्षों और कुर्बानियों के बलबूते हासिल हुआ है। उन्होंने कहा कि मजदूरों तथा मजदूर नेताओं पर फर्जी मुकदमे वापस हों, रासुका पर रोक लगे। प्रदेश अध्यक्ष ने बुधवार को कहा, नोएडा में मजदूरों के आंदोलन में विदेशी साजिश की बात करके भाजपा सरकार ने अपनी नाकामी छुपाने की कोशिश की है। मजदूरों की न्यायोचित मांगों को न मानने और पूंजी परस्त श्रमिक नीतियों के कारण ही श्रमिक अंसतोष पनप रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को काम के घंटे 8 हों, दोगुना ओवर टाइम, साप्ताहिक अवकाश दिया जाए। श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन हो।

### दुग्ध स्वर्ण महोत्सव कल से, होगा मंथन

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुग्धशाला विकास विभाग की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17-18 अप्रैल को 'दुग्ध स्वर्ण महोत्सव-2026' का आयोजन किया जाएगा। राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान स्थित मार्स हॉल में आयोजित इस दो दिवसीय महोत्सव में प्रदेश भर से करीब 10 हजार पशुपालक, दुग्ध उत्पादक और निवेशक एक साथ जुटेंगे। बुधवार को इस आयोजन का आधिकारिक कर्टेन रेजर जारी किया गया। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य डेयरी क्षेत्र में नवाचार, निवेश और तकनीकी उन्नयन को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ आधुनिक डेयरी तकनीकों, उत्पादन क्षमता बढ़ाने के उपायों और बाजार विस्तार से जुड़ी अहम जानकारियां साझा करेंगे। इसके साथ ही निवेशकों के साथ सिंगल विंडो सिस्टम के जरिए एमओयू भी किए जाएंगे, जिससे डेयरी सेक्टर में नए अवसर खुलेंगे। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पशुपालकों और निवेशकों को सम्मानित किया जाएगा।

### पर्यटन विकास को 10.19 करोड़ मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या मंडल के पर्यटन विकास को गति देने के लिए 13 विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न धार्मिक स्थलों के लिए 10 .19 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। पर्यटन विभाग की राज्य योजना के तहत यह राशि सौंदर्यीकरण, नवनिर्माण और जीर्णोद्धार कार्यों पर खर्च की जाएगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि स्वीकृत परियोजनाओं के सापेक्ष प्रथम किस्त जारी कर दी गई है।

# ड्रग इंस्पेक्टर भर्ती में लागू होंगे केंद्र के मानक

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के नियमों के एक हिस्से को घोषित किया असंवैधानिक

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने ड्रग इंस्पेक्टर भर्ती मामले में राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के एक हिस्से को असंवैधानिक घोषित कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि जब इस विषय पर केंद्र सरकार पहले से कानून बना चुकी है तो राज्य सरकार अतिरिक्त योग्यता तय नहीं कर सकती।



यह निर्णय न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने यूपी लोक सेवा आयोग द्वारा दाखिल विशेष अपील और अभ्यर्थियों की ओर से दाखिल रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। कोर्ट ने यूपी खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग राजपत्रित अधिकारी (औषधियां) सेवा (तृतीय संशोधन) नियम, 2015 के नियम 8 के तहत ड्रग इंस्पेक्टर के पद के लिए बनाए गए अनुभव सम्बंधी अतिरिक्त शर्तों को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि इस पद के लिए योग्यता पहले से ही ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 और इसके तहत बने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स रूल्स, 1945 में निर्धारित है, जिन्हें केंद्र सरकार ने बनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि केंद्रीय कानून इस क्षेत्र को पूरी तरह से कवर कर रहा है ऐसे में राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नियम उससे विरोधाभाषी होने की स्थिति में लागू नहीं किए जा सकते। कोर्ट ने डॉक्ट्रिन ऑफ ऑक्यूपाइड फील्ड का हवाला देते हुए कहा कि इस विषय में नियम बनाने का अधिकार केवल केंद्र सरकार के पास है। हालांकि, कोर्ट ने पूर्व में की गई भर्तियों को रद्द करने से इनकार कर दिया। उसने माना कि चयनित अभ्यर्थी केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मूल योग्यता रखते हैं और कई वर्षों से सेवा में हैं, ऐसे में उन्हें हटाना उचित नहीं होगा। साथ ही, कोर्ट ने निर्देश दिया कि भविष्य में होने वाली सभी भर्तियों में केवल केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित योग्यताओं का ही पालन किया जाए। जिन याचियों को पहले भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर नहीं मिला था, उन्हें वर्ष 2025 की चल रही चयन प्रक्रिया में आवेदन करने का मौका दिया जाएगा।

### गुटखा कंपनियों का प्रचार करने के मामले में केंद्रीय उपभोक्ता प्राधिकरण पर 5500 का हर्जाना

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने गुटखा कंपनियों का प्रचार करने के मामले में केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण द्वारा समय पर जवाब न दिए जाने पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने प्राधिकरण पर 5500 रुपये का हर्जाना लगाया है जो याची को दिया जाएगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की जनहित याचिका पर दिया है। कोर्ट ने प्राधिकरण से 25 नवंबर 2025 को ही पूछा था कि 2023 में याची द्वारा दिए गए प्रत्यावेदन पर अब तक जांच लंबित क्यों है। प्राधिकरण की ओर से प्रस्तुत अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि जवाबी शपथ पत्र लगभग तैयार है और जल्द ही दाखिल कर दिया जाएगा। हालांकि न्यायालय इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुई। उल्लेखनीय है कि याचिका में गुटखा कंपनियों के साथ-साथ क्रिकेटर कपिल देव, सुनील गावस्कर, वीरेंद्र सहवाग, क्रिस गेल तथा अभिनेताओं अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, अक्षय कुमार, अजय देवगन, सलमान खान, रितिक रोशन, टाइगर श्राफ, सैफ अली खां व रणवीर सिंह को भी विपक्षी पक्षकार बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि उक्त हस्तियां जो पान मसाला कंपनियों का प्रचार कर रही हैं, उनमें से अधिकांश पद्म पुरस्कार धारक हैं और उनके द्वारा किए जाने वाले ऐसे विज्ञापनों से समाज में गलत संदेश जाता है, साथ ऐसे विज्ञापन उपभोक्ता कानूनों का उल्लंघन भी हैं।

### बार एसोसिएशन में महिलाओं की भागीदारी पर मांगा जवाब

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने लखनऊ बार एसोसिएशन की एल्डर्स कमेटी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। उसने यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता सोनी शर्मा की ओर से दाखिल उस जनहित याचिका पर दिया। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के आलोक में बार एसोसिएशनों में महिला पदाधिकारियों की भागीदारी काम से काम 30 प्रतिशत सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है। याचिका में कहा गया कि लखनऊ बार एसोसिएशन के चुनाव 23 अप्रैल को होने हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के उक्त आदेश के अनुपालन के संबंध में कोई कदम नहीं उठाया गया है। सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने भी पाया कि एल्डर्स कमेटे की ओर से चुनाव के संबंध में जारी प्रस्ताव में इस संबंध में कुछ भी नहीं कहा गया है। न्यायालय ने लखनऊ बार एसोसिएशन को नोटिस जारी करने के साथ-साथ जनपद न्यायाधीश, लखनऊ को भी बार एसोसिएशन को जानकारी देने को कहा है।



बिजली की सुचारू ढंग से आपूर्ति और शहर में घनी आबादी के बीच तारों के जंजाल समेत अन्य समस्याओं को लेकर गोखले मार्ग स्थित एमडी मध्यांचल के मुख्यालय का घेराव कर प्रदर्शन करते सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा, साथ में पार्टी कार्यकर्ता। अमृत विचार

# कुवैत में मोहनलालगंज के युवक की संदिग्ध हालात में हुई मौत

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** कुवैत में नौकरी कर रहे मोहनलालगंज के भदेसुवा गांव निवासी इल्तियाक अली (30) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि अब तक उन्हें आधिकारिक रूप से कोई सूचना नहीं मिली है। उन्हें यह जानकारी गांव के ही कुछ लोगों के जरिए मिली, जो कुवैत में मृतक के साथ रहते थे।

परिवार के अनुसार, इल्तियाक वर्ष 2017 से कुवैत में एक कंपनी में एसी मैकेनिक के रूप में कार्यरत था। 24 नवंबर को उसका निकाह हुआ था और वह कुछ समय पहले ही वापस कुवैत गया था। पिता मुश्ताक अली ने बताया कि 13 अप्रैल को बेटे ने अपनी पत्नी आफरीन बानो से आखिरी बार बात की थी, जिसके बाद उसका फोन नहीं लगा। शाम को साथियों के परिजनों के माध्यम से सूचना मिली कि इल्तियाक की मौत हो गई है। साथियों ने बताया कि वह बाथरूम में गया था और काफी देर तक बाहर नहीं आया। दरवाजा तोड़ने पर उसका शव अंदर मिला। परिजनों का कहना है कि उन्होंने वीडियो कॉल के जरिए शव दिखाने की मांग की, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उल्टा वहां दफनाने की बात कही जा रही है। परिवार ने इसका विरोध करते हुए स्थानीय प्रशासन और भारत सरकार से शव को स्वदेश लाने की गुहार लगाने का निर्णय लिया है।

- प्रशासन और केंद्र सरकार से शव को स्वदेश लाने की गुहार लगाएंगे परिजन

### जनगणना टालने को महिला आरक्षण बिल पर जल्दबाजी

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा जनगणना टालना चाहती है, इसलिए महिला आरक्षण के नाम पर जल्दबाजी कर रही है, क्योंकि जनगणना के दौरान जातिगत जनगणना की बात उठेगी और फिर आरक्षण की भी, जो कि भाजपा वाले देना नहीं चाहते हैं। सपा प्रमुख ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि ये बिल पीडीए का हक-अधिकार मारने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा है। दरअसल उसके पीछे भाजपाइयों की मंशा ये है कि जनगणना न करनी पड़े क्योंकि अगर जनगणना हुई तो जातिवार आंकड़े भी देने पड़ेंगे।



# परीक्षाओं की एआई कैमरों से होगी निगरानी

**अमृत विचार, प्रयागराज :** उप्र. शिक्षा चयन आयोग द्वारा आयोजित होने वाली आगामी परीक्षाओं में इस बार सख्त निगरानी व्यवस्था लागू की जाएगी। आयोग ने परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और नकलविहीन बनाने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि इसके लिए आयोग कार्यालय में अत्याधुनिक एकीकृत कंट्रोल कमांड रूम स्थापित किया गया है। इस कमांड सेंटर के जरिए सभी परीक्षा केंद्रों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम में दो दर्जन से अधिक हाई-क्वालिटी स्क्रीन और एआई कैमरे लगाए गए हैं, जिनसे परीक्षा केंद्रों की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी। इससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नकल की कोशिश को तुरंत पकड़ा जा सकेगा। डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि आयोग परीक्षा प्रणाली को तकनीकी रूप से मजबूत बना रहा है, ताकि अनियमितताओं पर तुरंत कार्रवाई हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा में अनुचित साधनों के इस्तेमाल पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभ्यर्थियों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी अफवाह या भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दें।

- यूपी शिक्षा चयन आयोग ने जारी किया आदेश

### अस्पतालों में अग्निशमन उपायों पर होगी सुनवाई

**विधि संवाददाता, लखनऊः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए महानिदेशक, फायर सर्विस को पक्षकार बनाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि वह प्रदेश भर के अस्पतालों का निरीक्षण कराने पर विचार करेगी, जिसमें यह देखा जाएगा कि अस्पतालों में अग्निशमन यंत्र ठीक से लगे हैं अथवा नहीं तथा अग्निशमन उपायों की क्या स्थिति है। मामले की अगली सुनवाई 12 मई को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने वी द पीपल संस्था की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान दिया। याचिका में अस्पतालों की स्थिति का मुद्दा उठाया गया है।

# ओटीएस योजना के लिए हर कार्यालय में बनेगी हेल्प डेस्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकार की ओर से 18 अप्रैल से शुरू हो रही एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद ने तैयारी तेज कर दी है। आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में अधिकारियों को प्रत्येक कार्यालय में हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में डिफाल्टर आवंटियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए एक्शन प्लान और प्रचार-प्रसार की रणनीति पर चर्चा हुई। साथ ही आवंटियों को भेजे गए नोटिस की स्थिति की समीक्षा की गई। आवास आयुक्त ने जनहित पोर्टल पर लंबित म्यूटेशन, फ्रीहोल्ड, डुप्लीकेट आदेश और रिफंड मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। लंबित रजिस्ट्रियों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने को कहा गया। इसके अलावा काशीद्वार योजना (वाराणसी), सौमित्र विहार (लखनऊ), परसाखेरा (बरेली), ग्रीन फील्ड टाउनशिप (अयोध्या) और प्रतापगढ़ की प्रस्तावित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और सभी जोन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

- आवास आयुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

### ई-लाइब्रेरी के उपयोग पर राज्यपाल का जोर

**अमृत विचार, लखनऊः** अमृत विचार : प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को पुस्तकालय व ई-लाइब्रेरी का नियमित उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक सिलेबस से आगे बढ़कर अद्यतन और गुणवत्तापूर्ण ज्ञान विद्यार्थियों को दें तथा स्वयं भी निरंतर सीखते रहें, जिससे उनकी सकारात्मक छवि बने। बुधवार को जनभवन में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ समीक्षा बैठक में शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का आकलन किया गया।



**निवेश पर चर्चा** | पोल्ट्री कॉन्क्लेव में निवेशकों को न्योता, कानून व्यवस्था को बताया सबसे बड़ी ताकत

# आदमी छोड़िए, एक मुर्गी का भी अपहरण नहीं होगा : बघेल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** केंद्रीय पशुपालन राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था इतनी मजबूत हो चुकी है कि अब आदमी तो छोड़िए, एक मुर्गी का भी अपहरण नहीं होगा। उन्होंने निवेशकों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि अब यूपी में स्थिर सरकार और बेहतर माहौल है, जिससे उद्योगों को बढ़ावा मिल रहा है।

बघेल बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित उप्र पोल्ट्री कॉन्क्लेव-2026 के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। बघेल ने जोर दिया कि अंडा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए समाज के सभी वर्गों को पोल्ट्री सेक्टर से जुड़ना होगा और बैकयार्ड पोल्ट्री को बढ़ावा देना होगा।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उप्र. पोल्ट्री कॉनक्लेव-2026 की शुरुआत करते केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल।

प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि वर्ष 2024 में अंडा उत्पादन में 29.88% की वृद्धि दर्ज की गई है। 'उप्र कुक्कुट विकास नीति-2022' के तहत अब तक 256 इकाइयों की स्थापना को लेटर ऑफ कंफर्ट जारी किए जा चुके हैं, जिसमें अधिकतम एक करोड़ रुपये तक ब्याज प्रतिपूर्ति का प्रावधान है। उद्यान राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने भी पोल्ट्री क्षेत्र के विकास में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों (सीवीओ), पोल्ट्री कार्यक्रम अधिकारियों एवं उद्यमियों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान अपर मुख्य सचिव पशुधन मुकेश कुमार मेश्राम, विशेष सचिव देवेंद्र कुमार पांडेय, आइपीएमए के अध्यक्ष उदय सिंह व्यास, एमडी एबीटीएल ओपी सिंह, प्रेसिडेंट ब्रीडर्स एसोसिएशन मोहित मलिक, प्रेसिडेंट पोल्ट्री फेडरेशन आफ इंडिया रामपाल टांडा आदि मौजूद रहे।

- अंडा उत्पादन में 29.88 फीसद बढ़ोतरी 256 नई इकाइयों को मंजूरी : धर्मपाल सिंह

# किशोरी को कमरे में बंद कर पीटा, गिरफ्तार

संवाददाता, गोसाईंगंज

**अमृत विचारः** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में पड़ोसी ने व्यापारी की नाबालिग बेटी का मुंह दबाकर कमरे में खींच लिया। उसे आधे घंटे तक बंधक बनाकर पीटा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़ित पिता ने बताया कि वह सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में किराये की दुकान लेकर मेडिकल स्टोर चलाते हैं। दुकान के पीछे ही परिवार का कमरा है। आरोप है कि मंगलवार की रात उनकी नाबालिग बेटी कमरे से दुकान की ओर जा रही थी। इसी दौरान रुद्र प्रताप सिंह उर्फ शिवांशु ने उसका मुंह दबाकर जबरन अपने कमरे में खींच लिया। वहां उसके साथ मारपीट की गई और करीब 30 मिनट तक कमरे में बंद रखा गया। पीड़ित का पुत्र अपनी बहन को ढूंढने पहुंचा और आवाज लगाई तो आरोपी को उसकी आवाज सुनाई दी। डर के मारे शिवांशु ने लड़की को छोड़ दिया। किशोरी ने आपबीती परिजन को बतायी। पिता की तहरीर पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी रुद्र प्रताप सिंह उर्फ शिवांशु को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट की धारा भी बढ़ायी है।

अमृत विचार

लखनऊ, गुरुवार, 16 अप्रैल 2026 | पूर्वांचल

# एसबीआई के तीन कर्मचारियों को राहत, बर्खास्तगी निरस्त

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- हाईकोर्ट ने कहा, हैंडराइटिंग एक्सपर्ट की रिपोर्ट के आधार पर सेवा से बर्खास्तगी विधिसम्मत नहीं

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के तीन कर्मचारियों की बर्खास्तगी को निरस्त करते हुए स्पष्ट किया कि केवल हैंडराइटिंग एक्सपर्ट की रिपोर्ट के आधार पर कठोर दंड देना विधिसम्मत नहीं है, विशेषकर अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों की अनदेखी करके। मामले के तथ्यों को देखते हुए कोर्ट ने पाया कि विभागीय कार्यवाही में कोई स्वतंत्र साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया, केवल हैंडराइटिंग एक्सपर्ट की राय ली गई। हैंडराइटिंग एक्सपर्ट को जिरह के लिए प्रस्तुत नहीं किया गया, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। इसके साथ ही परीक्षा के समय इनविजिलेटर द्वारा सत्यापित फोटो, हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान जैसे महत्वपूर्ण पहचान साक्ष्यों पर भी विचार नहीं किया गया, जो स्पष्ट रूप से असंवैधानिक और अवैध है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की एकलपीठ ने मेरठ निवासी सचिन कुमार और दो अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया।

मामले के अनुसार याची को वर्ष 2009 की भर्ती प्रक्रिया के तहत एसबीआई में क्लर्क पद पर चयनित कर नियुक्त किया गया था। बाद में बैंक को कथित रूप से परीक्षा में प्रतिरूपण यानी इम्पर्सोनेशन और अनुचित साधनों के प्रयोग की शिकायत मिली, जिसके आधार पर विभागीय कार्यवाही शुरू कर 2014 में उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया, जिससे व्यथित होकर हाईकोर्ट के समक्ष वर्तमान याचिका दाखिल की गई। याचिका में बर्खास्तगी आदेश को चुनौती देते हुए पुनः सेवा में बहाली के साथ अन्य संबंधित राहतों की मांग की गई थी। कोर्ट ने याचिका के तत्वों पर विचार करते हुए माना कि हैंडराइटिंग एक्सपर्ट की रिपोर्ट एक राय मात्र है, जिसे अन्य साक्ष्यों के पुष्ट किए बिना निर्णायक आधार नहीं बनाया जा सकता। कोर्ट ने यह भी माना कि केवल एक अपरीक्षित विशेषज्ञ की रिपोर्ट पर आधारित निष्कर्ष बर्खास्तगी का न्यायसंगत आधार नहीं हो सकता है। अंत में कोर्ट ने बर्खास्तगी और अपील आदेश दोनों रद्द कर दिए। बैंक को नवीन सिरे से अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की स्वतंत्रता दी गई और आवश्यकता होने पर कर्मचारियों को पुनः निलंबित करने की छूट भी प्रदान की गई।

## विवादों के बीच न्यायमूर्ति शेखर कुमार सेवानिवृत्त

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। दिसंबर 2024 में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में दिए गए उनके विवादास्पद भाषण को लेकर उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था। अपने सम्मान में आयोजित पूर्ण न्यायालय की कार्यवाही को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति ने कहा कि उनके भाषण को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मेरा कोई दोष नहीं था। तोड़-मरोड़ कर पेश करने वालों का था। उन्होंने उस कठिन दौर में बार के समर्थन के लिए आभार जताते हुए कहा कि यदि यह सहयोग न मिलता तो उन्हें कहीं ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता था। मालूम हो कि विश्व हिंदू परिषद के एक कार्यक्रम में दिए गए भाषण में उनकी कुछ टिप्पणियां विवाद का कारण बनी थीं, जिनमें बहुसंख्यक इच्छा और सहिष्णुता को लेकर दिए गए बयान शामिल थे। मामले के तूल पकड़ने पर तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने उनसे स्पष्टीकरण भी मांगा था। विदाई भाषण में न्यायमूर्ति ने अपने न्यायिक कार्य में निष्पक्षता का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने कभी भी किसी अधिवक्ता के साथ जाति या वरिष्ठता के आधार पर भेदभाव नहीं किया।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रधानमंत्री को दी बधाई

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष शोहरतगढ़ उमा अग्रवाल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'नारी शक्ति वन्दन अधिनियम' पारित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। अपने सन्देश में उन्होंने कहा कि यह अधिनियम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और क्रान्तिकारी कदम है, जो लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करेगा। उन्होंने बताया कि संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर केन्द्र सरकार ने देश की आधी आबादी को सम्मान और अधिकार प्रदान किया है। नगर पंचायत अध्यक्ष शोहरतगढ़ उमा अग्रवाल ने इस पहल को भारत के विकसित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे वर्ष 2047 तक राष्ट्र निर्माण में महिला जनप्रतिनिधियों की भूमिका और अधिक सशक्त होगी। उन्होंने मातृशक्ति की ओर से प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।



उमा अग्रवाल, अध्यक्ष नगर पंचायत।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने दंपति के बीच का सुलझाया विवाद

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थाना जोगिया उदयपुर की मिशन शक्ति टीम द्वारा दंपति के पारिवारिक विवाद को सुलझाकर दोनों साथ रहने को राजी किया। थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर अभय सिंह के नेतृत्व में बुधवार को आवेदिका मीना पुत्री मकर साहनी साकिन मरुखर्ग कला टोला तेलडिहवा थाना जोगिया उदयपुर पत्नी छागुर साकिन जोखवलिया टोला भेडियहवा थाना शोहरतगढ द्वारा शिकायत किया गया था, आवेदिका मीना व उनके पति के बीच कुछ कहा-सुनी हुआ था। मिशन शक्ति टीम ने दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर उनके आपसी रिश्तों एवं बच्चे के प्रति उनके दायित्वों व पारिवारिक कर्तव्यों के बारें में अवगत कराया। जिससे दोनो पक्ष (पति-पत्नि) राजी-खुशी से साथ रहने के लिये तैयार हुए।

### छात्र-छात्राओं को किया पुस्तकों का वितरण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विकास क्षेत्र उसका बाजार के पूर्व माध्यमिक विद्यालय उचहरिया में बुधवार को छात्र-छात्राओं में नया सत्र के उपरान्त पुस्तकें वितरित किया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय उचहरिया के शिक्षक सुभाष गिरी ने छात्र- छात्राओं को पुस्तकें देकर उज्ज्वल भविष्य का शुभकामना दिया। उन्होंने कहा कि कक्षा 6 से लेकर 8 तक के छात्र-छात्राओं को पुस्तकें वितरण किया गया, जो नया सत्र शुरू होने पर दी गई। जो छात्र-छात्राओं को पढ़ने के लिए सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं हमारे पूर्व माध्यमिक विद्यालय से पढ़ाई करके निकलेंगे तो आगे की पढ़ाई के लिए जो भी सहायता होगा, काम किया जायेगा। हमारे पूर्व माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को अच्छा शिक्षा दिया जाता है, जिससे अच्छी सीख मिले और मिड डे मिल भी अच्छा और स्वादिष्ट दिया जाता है।

### बीईओ ने जागरूकता रैली को किया रवाना

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** नगर पंचायत उसका बाजार अंतर्गत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय परसा खुर्द में बुधवार को स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर किया।

# संतकबीरनगर : परीक्षा परिणाम में चमके मेधावी

## ब्लूमिंग बड्स, प्रेमा एजुकेशनल एकेडमी, उदया स्कूल समेत अन्य स्कूलों का रहा शत-प्रतिशत रिजल्ट

संवाददाता, संतकबीरनगर।



ब्लूमिंग बड्स स्कूल में दसवीं की परीक्षा पास करने वाले मेधावियों को माला पहनाकर स्वागत करतीं एमडी पुष्पा चतुर्वेदी व अन्य शिक्षक। अमृत विचार



भुजैनी स्थित उदया इंटरनेशनल स्कूल में दसवीं कक्षा के मेधावी छात्र को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं देते प्रधानाचार्य बसंत कुमार सेनापति व अन्य लोग।

**अमृत विचार।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित होते ही जनपद के विभिन्न विद्यालयों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल अपने विद्यालय बल्कि जिले का नाम रोशन किया। कई स्कूलों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जबकि मेधावियों ने उच्च अंक प्राप्त कर सफलता के नए आयाम स्थापित किए।

जिला मुख्यालय स्थित मुखलिसपुर रोड स्थित ब्लूमिंग बड्स स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। छात्रा माहविश नूर ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया और जिला स्तर पर भी शीर्ष स्थान प्राप्त किया। आदित्य यादव (96.6%) दूसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा अनाम खान (95.8%), आनंद मोहन (95.8%), अभिनय गुप्ता (95.4%), प्रत्याक्षा राय (95.4%), अंजलि यादव (95.2%), शिवांगी यादव (95.2%), अनुराग (94.8%) और अर्पित पटेल (94%) ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। प्रबंध निदेशिका पुष्पा चतुर्वेदी ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। मेंहदावल के अछिया स्थित प्रेमा एजुकेशनल एकेडमी के 10वीं कक्षा का भी परिणाम शत प्रतिशत रहा। छात्र सत्यम शुक्ला 95.4%, अभिषेक गुप्ता 95 प्रतिशत, आदित्य और देवेश संयुक्त रूप से 93.6% अंक हासिल किया। स्कूल की प्रबंध निदेशक श्रीमती अंजना पांडेय ने छात्रों को माला पहनकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। वहीं, देवदाड़ स्थित जीआर एकेडमी का कक्षा 10वीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। अंशिका अग्रवाल ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। विवेक यादव (94.4%), सूर्यांश गुप्ता (93.4%), अंजली यादव (92.4%), आद्रिका मिश्रा (92.2%), उत्कर्ष मौर्य (92.2%), हिमांशु प्रजापति (91.2%), नव्या सिंह (90.4%) और अनुश्का सिंह (90.2%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्थापक घनश्याम त्रिपाठी सहित विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मलोरना स्थित राज ग्लोबल एकेडमी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। अधिरा चौधरी ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। राजनंदिनी और आशुतोष यादव (94.2%) संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। अंशिका सिंह (93.6%), अनन्या उपाध्याय (92.2%), प्रत्यूष जायसवाल (92.2%), अनमता फातिमा (91.8%) और श्रेयंका (90.4%) ने भी शानदार अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य आर.के. श्रीवास्तव ने इसे छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया। वहीं, भुजैनी स्थित उदया इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। अस्तित्व उपाध्याय ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। रिद्धिमा शुक्ला (90.4%) दूसरे और प्रिया सुभाषचंद्र यादव (88.6%) तीसरे स्थान पर रहीं।

### सूर्या स्कूल का शानदार प्रदर्शन, विनायक टॉपर

**संतकबीरनगर।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होते ही जिले में खुशी का माहौल छा गया। सूर्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर जिले में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। स्कूल के छात्र विनायक मिश्रा ने 94.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं स्वाति चौरसिया (94.2%), अमृता कुमारी (93.8%), अंचल सिंह (93.3%) और अंशिका चौधरी (93%) सहित कई छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए इसे छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। मेधावी छात्रों के सम्मान में शीघ्र ही समारोह आयोजित किया जाएगा।

## मंत्री ने बिजली विभाग के एसडीओ पर खोला मोर्चा



कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही

- काजीकमालपुर पावर हाउस के अधिकारी पर अवैध वसूली का आरोप
- एमडी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग, दी चेतावनी

**सीतापुर, अमृत विचार:** कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने बिजली विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने हरगांव क्षेत्र के काजीकमालपुर पावर हाउस 33/11 केवी में तैनात एसडीओ अब्दुल अजीज के खिलाफ मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक एमडी को पत्र लिखकर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है। मंत्री ने पत्र में सन्नूपुर निवासी भोगलाल की शिकायत का उल्लेख करते हुए बताया कि एसडीओ ने उन्हें डरा-धमकाकर रात के समय 11,000 रुपये नकद वसूल लिए। आरोप है कि अधिकारी ने पीड़ित से 4 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग भी की है। सुरेश राही ने पत्र में स्पष्ट कहा है कि उक्त अधिकारी के खिलाफ क्षेत्र से लगातार अवैध वसूली की शिकायतें मिल रही हैं। ऐसी कार्यशैली से जनता के बीच सरकार की छवि धूमिल हो रही है।

## थानों पर आने वाली महिला पीड़िताओं की समस्याएं गंभीरता से सुनी जाएं : सीओ

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी ने शोहरतगढ़ सर्किल में थानों पर स्थापित महिला मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी एवं उनकी टीम के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। एसपी डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी ने सर्किल शोहरतगढ़ पर मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारियों और उनकी टीम को मिशन शक्ति फेज 5 के वासंतिक नवरात्रि से संचालित द्वितीय चरण के तहत निर्गत निर्देशों से अवगत कराते हुए अभी तक कृत कार्यवाही की समीक्षा की गई। वहीं अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा थाने पर आने वाली पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना जायें।

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 40 महिलाओं को डीएम ने किया सम्मानित




कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार।

संवाददाता कुशीनगर।

**अमृत विचार:** मिशन शक्ति (फेज-05) के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद कुशीनगर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकास भवन सभागार में पिछड़ा वर्ग के सदस्य फूलबदन कुशवाहा की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष की उपस्थिति में 'अनंता कार्यक्रम' एवं 'हक की बात जिलाधिकारी के साथ' का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों—समाज कल्याण, गृह, खेल, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, बाल विकास पुष्टाहार, चिकित्सा एवं शिक्षा—में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 40 महिलाओं को अंगवस्त्र, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया तथा उन्हें उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं एवं छात्राओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा जागरुक किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा किया गया।

## फार्मर रजिस्ट्री पर ही योजनाओं का मिलेगा लाभ : जिलाधिकारी

**कुशीनगर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में माह अप्रैल के 'किसान दिवस' का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत उप कृषि निदेशक द्वारा गत माह प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की आख्या प्रस्तुत कर की गई। कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु 'फार्मर रजिस्ट्री' अनिवार्य है। जिन किसानों के नाम खतौनी में अलग-अलग दर्ज होने के कारण रजिस्ट्री में समस्या आ रही है, वे शीघ्र तहसील स्तर पर संशोधन कराकर अपनी रजिस्ट्री पूर्ण कराएं। बैठक में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विद्युत कनेक्शन से संबंधित समस्याएं उठाई गईं, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं, इंडिया मार्का हैंडपंपों की खराब स्थिति पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने जनपद स्तर पर सूची तैयार कर शीघ्र रिबोर कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए।

# साइबर गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

संवाददाता, संतकबीरनगर



पुलिस लाइन में जानकारी देते एसपी संदीप कुमार मीना व पकड़े गए आरोपी।

- साइबर फ्राडरों ने 37 खातों से किए 5 करोड़ का ट्रांजैक्शन

**अमृत विचार।** साइबर क्राइम थाना, एसओजी व धनघटा पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगों के गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों से पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 33 एटीएम कार्ड, 12 मोबाइल, 29 पासबुक, 24 सिम कार्ड, दो लैपटॉप, एक बाइक, 8 कारतूस और दो रबर स्टाम्प समेत भारी मात्रा में सामान बरामद किया है।

एसपी संदीप कुमार मीना ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान विजय यादव निवासी जगदीशपुर (धनघटा), नीतेश कुमार निवासी त्रिलोकपुर थाना बेलघाट (जनपद गोरखपुर), शक्ति निवासी कुसफरा (धनघटा), विकास पांडेय निवासी लोहरैया (धनघटा) और आर्यन पाल निवासी भरवल परवतवा (धनघटा) के रूप में हुई है। एसपी के अनुसार, धनघटा पुलिस को समन्वय पोर्टल के माध्यम से संदिग्ध बैंक खातों की सूचना मिली थी। जांच के दौरान संदिग्ध सन्नी भारती को थाने बुलाकर पूछताछ की गई। उसने बताया कि उसका बैंक खाता विजय यादव और नीतेश कुमार के माध्यम से पंजाब एंड सिंध बैंक में खुलवाया गया था। जांच में खुलासा हुआ कि यह एक संगठित साइबर गिरोह है, जिसका सरगना शक्ति है। गिरोह गरीब व असहाय लोगों को लालच देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाता था और एटीएम, पासबुक व चेकबुक अपने कब्जे में रख लेता था। इसके बाद फर्जी पते व दस्तावेजों के जरिए साइबर ठगी को अंजाम दिया जाता था। गिरोह के सदस्य अपनी पहचान छिपाने के लिए गलत जानकारी का उपयोग करते थे और विभिन्न राज्यों से ठगी की रकम इन खातों में मंगाते थे।

पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपित अपने पास मौजूद सभी डाटा को इटावा जनपद निवासी एक कमांडर को उपलब्ध कराते थे, जिसके बदले उन्हें कमीशन मिलता था। साइबर क्राइम थाने की जांच में अब तक 37 बैंक खातों के माध्यम से करीब पांच करोड़ रुपये के लेन-देन की पुष्टि हुई है। इनमें से छह लाख रुपये से अधिक की धनराशि को फ्रीज कराया गया है, जबकि अन्य खातों की जांच जारी है।

## डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को सुना गया। किसानो से कहा कि आप लोगों की जो भी शिकायतें हैं, उन्हें लिखित में दे दें, जिससे निस्तारण कराया जा सके। जिलाधिकारी ने किसान दिवस में सभी सम्बंधित अधिकारियों को स्वयं उपस्थित होने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने किसानो को किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री, बिजली बिल, दवा व बीज तथा सिंचाई से सम्बंधित समस्याओं का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभार्थियों के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि प्रेषित कराने का निर्देश दिया गया। सभी अधिकारीगण किसानों की समस्याओं का शत प्रतिशत निस्तारण करायें। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों को संबधित अधिकारियों को प्रेषित करके उनकी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कराये।

**आयोजन** | रेलवे प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में बोले पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर

# आधुनिक भारत के बुद्ध थे डॉ. बीआर आंबेडकर



कार्यक्रम का उद्घाटन करते महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर।

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर की अध्यक्षता में बुधवार को रेलवे प्रेक्षागृह में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयन्ती के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया गया। महाप्रबन्धक ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर महाप्रबन्धक, अपर महाप्रबन्धक वी.के. शुक्ल, प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारियों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति एसोसियेशन के पदाधिकारियों एवं अन्य रेलकर्मियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के आरम्भ में पूर्वोत्तर रेलवे कला समिति के कलाकारों ने भजन प्रस्तुत किया। महाप्रबन्धक ने कहा कि बाबा साहब महानायक तथा आधुनिक भारत के बुद्ध थे। यह भारत का सौभाग्य है कि इस तरह के महामानव हमें मिले। डा0 अम्बेडकर ने समाज का उत्थान किया। बाबा साहब के तीन प्रेरणास्रोत थे-गौतम बुद्ध, संत कबीर एवं महात्मा फूले जी। उनके पुस्तकालय में 30 हजार पुस्तकें थीं। उन्होंने कई पुस्तकें लिखीं, जिनमें से कुछ पुस्तकें उनके दिवंगत होने के बाद छपीं। बाबा साहब ने ज्ञान का दीपक जलाया, वे निडर एवं साहसी थे। आज की युवा पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेना चाहिये। प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री मनोज कुमार ने कहा कि डा0 भीमराव अम्बेडकर जी एक महान चिंतक, समाज सुधारक और दूरदर्शी नेता थे । साधारण परिवेश में जन्म लेने के बावजूद उन्होंने अपने परिश्रम, ज्ञान और दृढ़ संकल्प के बल पर असाधारण उपलब्धियॉ प्राप्त की और अपना सम्पूर्ण जीवन समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान के लिये समर्पित कर दिया।

## तीन कर्मियों को सेफ्टी स्टार ऑफ द मंथ पुरस्कार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर ने महाप्रबन्धक सभाकक्ष में बुधवार को संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन कर्मचारियों को 'सेफ्टी स्टार ऑफ द मंथ' घोषित कर नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में लखनऊ मंडल के विसवा खंड में ट्रैकमैंटेनर के पद पर कार्यरत अमन गोंड, वाराणसी मंडल के चौरी चौरा स्टेशन पर ई.एस.एम. के पद पर कार्यरत आशुतोष कुमार और इज्जतनगर मंडल के उझानी स्टेशन पर स्टेशन मास्टर के पद पर कार्यरत अनुराग सिंह शामिल रहे। इन कर्मचारियों की सतर्कता एवं सजगता से सम्भावित घटनाओं को रोका गया।




विशेष चेकिंग अभियान के दौरान मौजूद रेलवे के अधिकारी व पकड़ा गया अवैध वेंडर।

## अवैध वेंडर को पकड़ आरपीएफ को सौंपा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़ के साथ ही यात्रियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के तीनों मंडलों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर के दिशा-निर्देश पर अनधिकृत वेंडरों, खाद्य एवं पेय पदार्थ के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत बुधवार को गोरखपुर-देवरिया सदर स्टेशनों के मध्य विशेष टिकट जांच के दौरान 15708 अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-7 में 05 अनधिकृत वेंडर को पकड़ा गया। जिन्हें रेलवे सुरक्षा बल (आर.पी.एफ.) पोस्ट, देवरिया सदर को सुपुर्द किया गया।

## डीएम ने गेहूं क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा गेहूॅ क्रय केन्द्र जोगिया-1, जोगिया-2 तथा गेहूॅ क्रय केन्द्र बांसी का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में गेहूॅ की खरीद कम पाये जाने पर क्रय केन्द्र प्रभारी जोगिया-1 का स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसानो से सम्पर्क करके गेहूॅ क्रय केन्द्रो पर बेचने हेतु किसानो को प्रेरित करे। किसानों का गेहूं सीधे क्रय केन्द्र पर ही खरीद की जाये। बिचौलयों के माध्यम से खरीदारी नही होनी चाहिए। किसानों को किसी भी प्रकार समस्या न होने पाये। गेहूॅ की तौल में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए।

